18. आवंटी द्वारा शासनादेश के आलोक में तद्दिनांक तक क्रय योग्य एफ0ए0आर0 शुल्क के मद में 25 प्रतिशत धनराशि जमा की गयी है जिसके फलस्वरूप क्रय योग्य एफ0ए0आर0 का निर्माण बन्धक पत्र के अनुसार निर्धारित अद्यावधिक किश्तों के परिषद कोष में जमा किये जाने की दशा में ही अनुमन्य होगा।
19. प्रश्नगत परियोजना के निर्माण विकास एवं अनुरक्षण कार्यो को विकासकर्ता द्वारा सुनिश्चित किया जाये। जिसके सम्बंध में शासन द्वारा भविष्य में प्राप्त निर्देशों का अनुपालन करना होगा।
20. प्रस्तावित मानचित्र में व्यवसायिक दुकानों की आवश्यकता हेतु जनसंख्या के आधार पर 972 व0मी0 का क्षेत्रफल समूह में नियोजित किया गया है।
21. जल शुल्क की देय धनराशि हेतु परिषद बोर्ड द्वारा अन्यथा निर्णय लेने की स्थिति में सम्पूर्ण धनराशि को शपथ पत्र के अनुसार मय ब्याज परिषद खाते जमा कराना होगा अन्यथा शुल्क की वसूली मय ब्याज परिषद द्वारा की जायेगी।
22. उपविधि–2008 (यथा संशोधित–2016) के प्रस्तर 3.11.9 के अनुसार रूफटॉप पर स्वीकृत मानचित्र के अनुसार सोलर फोटोवोल्टाईक पावर प्लान्ट की स्थापना भवन के कुर्सी क्षेत्रफल के न्यूनतम 25 प्रतिशत रूफटॉप एरिया पर विकासकर्ता द्वारा अनिवार्य रूप से की जायेगी। शासनादेश के अनुसार रेनवाटर हार्वेस्टिंग पद्धति का प्राविधान अनिवार्य रूप से करना होगा।

IS 15700:2005

सेवोत्तम प्रमाणित

उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद

वास्तुकला एवं नियोजन इकाई–पंचम

नीलगिरी काम्पलेक्स,इन्दिरा नगर, लखनऊ–226016

भारतीय मानक ब्यूरो IS 15700

SQMS

पत्र सं0– 981 /नि0प्रा0 –41/2016–17/वा0नि0–5 दिनांक 12 –04–2017

23. प्रश्नगत भूखण्ड पर ग्रीन बिल्डिंग के निमित्त निर्गत शासनादेशों के अनुसार प्राविधान सुनिश्चित करना होगा। जिसके अर्न्तगत शासनादेश सं0 462/8–3–16–34 विविध/08 दिनांक 17 जून 2016 के अर्न्तगत संशोधित भवन निर्माण एवं विकास उपविधि 2008 (यथा संशोधित–2016) के प्रस्तर 3.5.1 के अनुसार ग्रीन बिल्डिंग के प्राविधानों की पूर्ति करने की स्थिति में लोड/आई0जी0बी0सी0 द्वारा न्यूनतम गोल्ड रेटेड तथा ग्रेडा द्वारा न्यूनतम 04 स्टार रेटिंग की श्रेणी सम्बंधी प्रमाण पत्र 06 माह के अन्दर प्राप्त कर इस कार्यालय में प्रस्तुत करें।
24. विकासकर्ता द्वारा प्रश्नगत परियोजना के सापेक्ष वांछित क्षमता का एस0टी0पी0, इलैक्ट्रिक सब स्टेशन एवं ट्यूब वेल/रिजर्व वाटर टैंक सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का प्राविधान स्वीकृत मानचित्र के अनुसार अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाना होगा।
25. प्रश्नगत भूखण्ड पर निर्माण के सापेक्ष भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण/हिण्डन एअरवेस, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण निदेशालय एवं खनन विभाग से वांछित एन0ओ0सी0 विलम्बतम 06 माह के अन्दर प्रस्तुत करनी आवश्यक है अन्यथा की स्थिति स्थल पर निर्माण कार्य रोका जा सकता है।
26. प्रश्नगत भूखण्ड के सापेक्ष अद्यावधिक भुगतान का प्रमाण पत्र उप आवास आयुक्त सम्पत्ति प्रबंध गाजियाबाद द्वारा पत्रांक 3196/स0प्र0गा0. दिनांक 24–3–2017 द्वारा निर्गत किया गया है जिसके अनुसार आगामी किश्तों का भुगतान किया जाना सुनिश्चित करना होगा।
27. प्रश्नगत प्रकरण में विकासकर्ता/सम्बंधित आवंटी को शासनादेशों, बल्क सेल नीति के अर्न्तगत, शासन/परिषद आदेशों, भवन निर्माण एवं विकास उपविधि, नेशनल बिल्डिंग कोड एवं अन्य सम्बंधित नीतिगत निर्णयों का शत प्रतिशत पालन किया जाना होगा।
28. शासनादेश के अनुसार प्रश्नगत भूखण्ड पर प्रस्तावित निर्माण के सापेक्ष भवन निर्माण और अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन का विनियमन और सेवा की शर्तें) अधिनियम–1996 की धारा–7 की उपधारा (3) के अर्न्तगत उप श्रम आयुक्त,गाजियाबाद द्वारा फर्म के सापेक्ष पंजीयन संख्या–डी09002051/2016–17/भ0औ0अ0 सन्नि0कर्म0 दिनांक 12–4–2017 के माध्यम से पंजीयन प्रमाण पत्र निर्गत है। उक्तानुसार निर्माण कार्य के विरूद्ध देय उपकर श्रम आयुक्त कार्यालय में ससमय जमा कराते हुए कियान्वयन सुनिश्चित किया जाना है।

सलंग्नकः–उपरोक्तानुसार।

1.स्वीकृत आर्कीटैक्चरल मानचित्रों का एक सैट(61 नगे)
2.स्ट्रक्चरल ड्राइंग्स मानचित्रों का एक सैट (59 नग)
3.कैलकुलेशन/रिपोर्ट का एक सैट। (01 नग)

भवदीय,

(संजीव कश्यप)
वास्तुविद नियोजक/विशेष कार्याधिकारी

पृ0सं0:– 981 /उक्त / दिनांकः 12-4-17

प्रतिलिपि:–निम्नलिखित को उक्त अनुमोदन/अंकित शर्तों के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. संयुक्त निदेशक,उ0प्र0 फायर सर्विसेज लखनऊ को उनके अनुमोदन/सत्यापित मानचित्र के क्रम में प्रपत्र–च सहित।
2. अधीक्षण अभियन्ता–सप्तम वृत्त, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, गाजियाबाद को उक्त मानचित्र के एक सेट सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. अधिशासी अभियन्ता,निर्माण खण्ड–01,उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, वसुन्धरा गाजियाबाद को उक्तानुसार 2.50 एफ0ए0आर0 के अर्न्तगत निर्माण मानचित्र का एक सेट इस आशये से संलग्न प्रेषित है कि उक्त इंगित शर्तों के अनुपालन स्थल पर सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।
4. उप आवास आयुक्त,भूमि अर्जन, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद 104, महात्मा गांधी मार्ग, लखनऊ।
5. उप आवास आयुक्त,सम्पत्ति प्रबंध,उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद गाजियाबाद को उनके द्वारा निर्गत अद्यावधिक भुगतान सम्बंधी प्रमाण पत्र के सन्दर्भ में।
6. उप श्रम आयुक्त–गाजियाबाद क्षेत्र,एच0टी0–11/66 लोहिया नगर लेबर आफिस,गाजियाबाद को द्वारा निर्गत पंजीयन प्रमाण पत्र दिनांक 12–4–2017 के सन्दर्भ में।

वास्तुविद नियोजक/विशेष कार्याधिकारी

B

उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद

वास्तुकला एवं नियोजन अनुभाग
नीलगिरी काम्पलेक्स, द्वितीय तल, इन्दिरा नगर,
लखनऊ-226016

भारतीय मानक ब्यूरो IS 15700

पत्र सं0- 2148/ बल्क सेल/वी0एन-5 दिनांक- 21/8/2015

सेवा में,

डायरेक्टर,
मैसर्स सेम्स रियल इस्टेट प्रा0लि0,
बी-173, द्वितीय तल, दुर्गा नगर देवली गॉव, खानपुर,
दिल्ली।

विषय: मैसर्स सेम्स रियल इस्टेट प्रा0 लि0 को सिद्धार्थ विहार योजना, गाजियाबाद में आवंटित बल्क सेल भूखण्ड संख्या-04/बी0एस0-02 के सापेक्ष सब-डिवीजन अनुमन्य करते हुए स्वीकृत ले आउट निर्गत करने के सम्बंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मैसर्स सेम्स रियल इस्टेट प्रा0लि0 को सिद्धार्थ विहार योजना गाजियाबाद में आवंटित बल्क सेल भूखण्ड संख्या 04/बी0एस0-02 क्षेत्रफल 25.00 एकड़ के सब डिवीजन हेतु प्रस्तुत आवेदन दिनांक 18-3-2015 के कम में बल्क सेल भूखण्ड के सब डिवीजन हेतु पंजीकरण पुस्तिका के प्रस्तर 8-ई के अनुसार परीक्षणोपरान्त प्रस्तुत प्रस्ताव पर आवास आयुक्त (प0) द्वारा दिनांक 17-8-2015 को निम्नांकित शर्तों सहित अनुमोदन प्रदान किया गया है :-

1 प्रस्तगत भूखण्ड पर विभाजित भूखण्डों का निस्तारण (सृजन,विकास एवं निर्माण) चरणवार निम्नवत से किया जायेगा :-

PLOT NO. 1,2,3	Phase - I
PLOT NO. 4	Phase - II

2 प्रस्तावित विभाजित भूखण्डों के सापेक्ष आवंटन पत्र में निहित शर्तों के अधीन भुगतान की अदायगी की दशा में ही भूखण्ड पर निर्माण हेतु नियमानुसार मानचित्र स्वीकृत किया जायेगा।

3 शासनादेश के अनुसार ई0डब्लू0एस0 व एल0आई0जी0 के भवनों का प्राविधान पूरे भूखण्ड को एक मानते हुए प्रस्तावित किया जायेगा। उप-विभाजित भूखण्डों के सृजन से ई0डब्लू0एस0 व एल0आई0जी0 के भवनों के प्राविधान पर किसी भी प्रकार से प्रभाव नहीं पड़ेगा।

4 मैसर्स सेम्स रियल इस्टेट प्लान ए0-जी0एच0-4 में किसी तरीके की गतिविधि तब तक नहीं करेंगे जब तक परिषद द्वारा इनका एच0टी0 लाईन हटाते हुए कब्जा एवं कब्जे के सापेक्ष प्राप्त होने वाला मूल्य परिषद को नियमानुसार भुगतान नहीं कर दिया जाता तथा मैसर्स सेम्स रियल इस्टेट प्रा0लि0 भविष्य में इस भूखण्ड को लेने से मना नही करेगी।

अतः उक्तानुसार प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

संलग्नक:- अनुमोदित मानचित्र।

भवदीय,

(रुद्र प्रताप सिंह)
अपर आवास आयुक्त एवं सचिव

पृ0सं0 2148/उक्त दिनांक 21-8-2015

प्रतिलिपि:-निम्नांकित को सूचनार्थ/आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।


1. मुख्य अभियन्ता उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद,लखनऊ।
2. अधीक्षण अभियन्ता सप्तम वृत्त उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, वसुन्धरा,गाजियाबाद।
3. अधिशासी अभियन्ता [illegible] उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, वसुन्धरा,गाजियाबाद।
4. अपर आवास आयुक्त उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद,लखनऊ।
5. अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-01, उ0प्र0 आवास एवं विकास,वसुन्धरा गाजियाबाद।

अपर आवास आयुक्त एवं सचिव

C

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER C.D. Ist. U.P. AYAS EVAM VIKAS PARISHAD PART SITE PLAN OF BULK SALE Plot No. 4 BS/2, SIDHHART VIHAR, GZB.

N.T.S.



Plot SIZE = 249.83 M. X 208.14 M.

Plot AREA = 52,000 Sq.Mtr.

For Apex Heights Pvt. Ltd.

Authorised Signatory

उप आवास आयुक्त
उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद
गाजियाबाद

30/04/16

Assistant Engineer
C.D.-I
U.P. Awas Evam Vikas Parishad
Ghaziabad

A.E. III

D/MAN. 30/4/16

J.E. 30/4/16

फोन–कार्यालय : 0120–2882025

सेवोत्तम प्रमाणित

उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद

सम्पत्ति प्रबन्ध कार्यालय
सेक्टर–16ए, हॉल नं0–एस–1, वसुन्धरा काम्पलैक्स, वसुन्धरा
गाजियाबाद

भारतीय मानक ब्यूरो IS 15700 SQMS

पत्र सं0– 13181 /स0प्र0 गाजि0/ दिनांक– 22/12/18

अनन्तिम (Provisional)

बल्क सेल भूखण्ड हेतु प्रदेशन/आवंटन पत्र

संशोधित प्रदेशन पत्र

सेवा में,

M/s Apex Hights Pvt. Ltd. (Relvant Member)
R-13/2, Ramesh Park, Laxmi Nagar New Delhi
C/o M/s SAMS Real Estate Pvt. Ltd. (Lead Member)
Address:- B-173, IInd Floor, Durga Nagar, Devli Villages
Khanpur, New Delhi-110003

विषयः– सिद्धार्थ विहार योजना, गाजियाबाद में स्थित बल्क सेल भूखण्ड संख्या–4/बी0एस0–2 के विभाजन के फलस्वरूप क्षेत्रफल 26000.00 वर्गमी0 के विरूद्ध धनराशि जमा कराकर कब्जा प्राप्त किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके प्रार्थना पत्र दिनांक 15.9.2016 के सन्दर्भ में सूचित करना है कि आपके द्वारा किये गये अनुरोध पर सूचित करना है कि परिषद की सिद्धार्थ विहार योजना गाजियाबाद स्थित नवसृजित बल्क सेल भूखण्डो के निस्तारण हेतु विज्ञापनोपरान्त दिनांक 17.1.2014 को इच्छुक आवेदको से आफर/बिड आमन्त्रित किये गये थें। जिसमें आपके द्वारा दिया गया आफर/बिड के परीक्षणोपरान्त बल्क सेल भूखण्ड संख्या–4/बी0एस0–02 (101175.00 वर्गमी0 अर्थात 25.00 एकड) के लिए दी गयी रू0–38825.00 प्रतिवर्गमी0 की उच्चतम बोली/आफर सक्षम अधिकारी द्वारा स्वीकार कर ली गयी है। जिसकी सूचना मुख्यालय के पत्र संख्या 144 /स0प्र0–3 दिनांक 30.1.2014 द्वारा प्राप्त हुई है। जिसके कम में परिषद द्वारा निर्गत ब्रोशर में निर्धारित सामान्य नियम व शर्तो के अन्तर्गत कार्यालय पत्र संख्या–979/स0प्र0 गाजि0 दिनांक 1.2.2014 से प्रदेशन/आवंटन पत्र निर्गत किया गया था। भूखण्ड के बीच से हाईटेन्शन लाईन गुजरने के कारण मुख्यालय के पत्र संख्या–2148/बल्क सेल /वा0नि0–5 दिनांक 21.8.2015 द्वारा भूखण्ड को दो भागो में विभाजित किये जाने जिसमे प्रथम फेस में एच0टी0 लाईन का क्षेत्रफल एवं द्वितीय फेस में एच0टी0 लाईन हटने के बाद शेष क्षेत्रफल का विकास आवंटन/ब्रशोर की नियम व शर्तो के अनुसार किये जाने के आदेश प्रदान किये गये है। जिसके कम में अधिशासी अभियन्ता नि0ख0–1 ने अपने पत्र दिनांक 479/डब्लू–12/37 दिनांक 30.4.2016 द्वारा हाईटेन्शन लाईन के क्षेत्रफल को कम करते हुए मुख्यालय के आदेशानुसार प्रथम फेस 52000.00 वर्गमी0 क्षेत्रफल का साईट प्लान उपलब्ध कराया है। जिसके आधार पर पूर्व निर्गत प्रदेशन/आवंटन पत्र संख्या–979/दिनांक 1.2.2014 को कार्यालय पत्र संख्या–16005 दिनांक 20.9.2016 द्वारा संशोधित प्रदेशन पत्र जारी करते हुए धनराशि जमा कराने हेतु सूचित किया गया था, आपके उपरोक्त सन्दर्भित अनुरोध पर फेस–1 में विवाद रहित क्षे0–52000.00 वर्गमी0 में 03 नग भूखण्डों में भूखण्ड संख्या–1 (क्षे0–14000.00 वर्गमी0), भूखण्ड संख्या–2 (क्षे0–12000.00 वर्गमी0), व भूखण्ड संख्या–3 (क्षे0–26000.00 वर्गमी0) सृजित करते हुए संशोधित ले–आउट दिनांक 21.8.2015 को विकसित की जानी वाली सुविधाओ सहित अनुमोदित किया गया है। उपरोक्त विभाजित भूखण्डो में से भूखण्ड संख्या–3 (क्षे0–26000.00 वर्गमी0) का प्रदेशन पत्र मैसर्स एपेक्स हाईट्स प्रा0लि0 के पक्ष मे जारी किये जाने का अनुमोदन अपर आवास आयुक्त महोदय ने दि0 23.9.2016 को नीलामी हेतु निर्गत ब्रोशर एवं संशोधित स्वीकृत ले–आउट में अंकित विकसित की जाने वाली सुविधाओ की शर्त के अधीन प्रदान किया गया है। इस कार्यालय के पत्र संख्या–18581 दिनांक 28.10.2016 के द्वारा प्रदेशन पत्र संशोधित किया गया है। आवंटी द्वारा अनुरोध किया गया है कि उसको धनराशि जमा कराने हेतु आवंटन सम्बन्धी नियमों के तहत 15 प्रतिशत जमा कराने हेतु 45 दिन एवं 10 प्रतिशत धनराशि जमा कराने हेतु 90 दिन का समय नहीं दिया गया हैं। साथ ही आवंटी द्वारा यह भी अनुरोध किया गया हैं कि ब्रोशर में उल्लिखित शर्तो के अनुरूप शेष 75 प्रतिशत धनराशि की 10 समान किश्तो में निर्धारित की गई प्रथम किश्त की धनराशि प्रदेशन पत्र निर्गत होने के 150 दिन के उपरान्त देय होगी। आवंटी द्वारा लीज अनुबन्ध निष्पादित करा लिया गया है एवं मांग पत्र को संशोधन करने का अनुरोध किया गया है। आवंटन सम्बन्धी विनियमावली एवं संस्था को नीलामी में भाग लेने हेतु उपलब्ध कराये गये ब्रोशर के अनुसार भूखण्ड के मूल्य का 15 प्रतिशत प्रदेशन पत्र निर्गत होने के 45 दिनों के अन्दर एवं 10 प्रतिशत धनराशि प्रदेशन पत्र निर्गत होने के 90 दिनों के अन्दर तथा शेष 75 प्रतिशत धनराशि प्रदेशन पत्र निर्गत होने के 150 दिन के उपरान्त देय होने हेतु निम्नानुसार संशोधन किया जाता है:–

1	बल्क सेल भूखण्ड का संशोधित क्षेत्रफल 26000.00 वर्गमी0	
2	उच्चतम बोली रू0–38825.00 के अनुसार भूखण्ड का मूल्य (लीज रेन्ट सहित)	रू0–1,00,94,50,000.00
3	(अ) प्रदेशन/आवंटन पत्र निर्गत होने की तिथि से 45 दिन के अन्दर स्वीकृत मूल्य की 15 प्रतिशत धनराशि रू0–15,14,17,500.00 जिसमें टोकन धनराशि रू0–5,00,50,000.00 संशोधित / विभाजित क्षेत्रफल के सापेक्ष में समायोजन होने के उपरान्त शेष धनराशि जोकि दिनांक 15.12.2016 तक जमा की जानी है।	रू0– 10,13,67,500.00
	(ब) प्रदेशन/आवंटन पत्र निर्गत होने की तिथि से 90 दिनो के अन्दर स्वीकृत मूल्य का 10 प्रतिशत धनराशि रू0–10,09,45,000.00 दिनांक 31.1.2017 तक देय होगी।	रू0– 10,09,45,000.00
	(स) स्वीकृत मूल्य की शेष 75 प्रतिशत धनराशि रू0–75,70,87,500.00 की 15 प्रतिशत ब्याज सहित 10 छमाही किश्तें देनी होंगी। किश्त की धनराशि रू0–11,03,07,650.00 होगी, प्रथम किश्त दिनांक 01.4.2017 से देय होगी। देय किश्त का भुगतान 06 माह के अन्दर जमा करना होगा, देय किश्तो का भुगतान समयान्तर्गत नहीं किया जाता है तो 02 प्रतिशत की दर से छ माही कम्पाउन्डिंग करते हुए डिफाल्टेड समय का दण्ड ब्याज देय होगा, किसी भी किश्त का अधिकतम डिफाल्टेड समय 06 माह ही होगा, अधिकतम डिफाल्टेड समय तीन किश्तो तक अनुमन्य होगा।	रू0– 11,03,07,650.00
4	विविध शुल्क विलेख निष्पादन शुल्क	रू0– 300.00
	साईट प्लान शुल्क	रू0– 500.00
	संशोधित लागत का विज्ञापन व्यय 0.25 प्रतिशत	रू0– 25,23,625.00
	कुल योग (दिनांक 31.1.2017 तक)	रू0– 25,24,425.00

क्रमशः 2/–

उपरोक्त विवरण के अनुसार निर्धारित तिथि तक देय धनराशियो का भुगतान ओरियन्टल बैंक आफ कामर्स, मेवाड इन्स्टीट्यूट, सेक्टर–4, वसुन्धरा शाखा, गाजियाबाद के परिषद खाता संख्या–52331171000104 (गुलाबी पर्ची) में बैंक ड्राफ्ट (उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, गाजियाबाद के पक्ष में देय) के माध्यम से (बैंक कार्यदिवसो में) अवश्य जमा करानी होगी एवं किसी भी धनराशि के विलम्ब से भुगतान करने पर 19 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज पूर्ण माह का देय होगा। प्रदेशन पत्र के अनुसार प्रथम वांछित 25 प्रतिशत की धनराशि निर्धारित तिथि तक अवश्य जमा करानी होगी, निर्धारित तिथि तक धनराशि जमा न होने पर भूखण्ड का प्रदेशन नियमानुसार कटौती करते हुए निरस्त कर दिया जायेगा। शेष नियम व शर्तें निम्नवत् हैं –

अ प्रदेशन/आवंटन पत्र निर्गत होने के 90 दिनो के अन्दर 25 प्रतिशत धनराशि एवं विविध शुल्क की धनराशि उपरोक्तानुसार जमा करानी होगी एवं तत्पश्चात् 60 दिनो के अन्दर किश्त किराया क्रय अनुबन्ध हेतु अन्य औपचारिकताये पूर्ण करने के उपरान्त कब्जा देय होगा। किश्त किराया क्रय अनुबन्ध/विक्रय विलेख हेतु उ0प्र0 शासन द्वारा निर्धारित स्टाम्प शुल्क क्रेता द्वारा स्वय वहन करना होगा।

ब सम्पत्ति लीज पर आवंटित है, ब्रोशर में अंकित शर्तो के अनुसार निर्माण कार्य पूर्ण करने एवं समस्त जन सुविधाये विकसित कर एवं ब्रोशर में अंकित अन्य शर्तें पूर्ण करने के उपरान्त कुल भूमि मूल्य का 02 प्रतिशत फ्री होल्ड शुल्क जमा कराकर विकासकर्ता सम्पत्ति को फ्रीहोल्ड करा सकेगा।

स. भूखण्ड का कब्जा प्राप्त करने के पश्चात् मानचित्र स्वीकृत कराया जा सकेगा। मानचित्र स्वीकृत के पश्चात् आवंटी परिषद के भवन निर्माण उपविधि/समाचार पत्र में विज्ञप्ति एवं परिषद नियमानुसार एफ0ए0आर0/ग्राउण्ड कवरेज व भूखण्ड पर योजना प्रकाशित करने का अधिकार होगा। परिषद से विक्रय विलेख निष्पादित कराने से पूर्व किसी भी क्रेता को विक्रय की गयी सम्पत्ति (दुकान/भवन, जो लागू हो) हस्तान्तरित नहीं कर सकेगा। परिषद से मानचित्र स्वीकृत कराकर बल्क सेल भूखण्ड पर निर्माण कराने हेतु अनुमन्य अवधि कब्जा प्राप्त करने की तिथि से पांच वर्ष है।

द. विद्युत/ट्रांसफारमर का व्यय स्वयं क्रेता को व्यय करना होगा।

य. भूखण्ड का क्षेत्रफल अनुमानित है। ब्रोशर की शर्त के अनुसार घट–बढ सकता है।

र. केन्द्र सरकार/उ0प्र0 सरकार/स्थानीय निकाय द्वारा लागू कर जैसे सर्विस टैक्स, आयकर, जलकर एवं अन्य कर क्रेता को स्वयं वहन करना होगा।

ल सम्पत्ति का मूल्य रू0–50.00 लाख से अधिक होने की दशा में जमा की जाने वाली एकमुश्त/किश्त की धनराशि मे से 01 प्रतिशत की दर से टी0डी0एस0 की कटौती कर क्रेता द्वारा परिषद के पेन नम्बर–AAAJU0103A मे जमा कर दोनो रसीदे कार्यालय में समयान्तर्गत जमा करेगा। यदि आवंटी द्वारा टी0डी0एस0 की धनराशि विलम्ब से जमा की जाती है तो देय तिथि से जमा की तिथि तक आयकर विभाग द्वारा निर्धारित ब्याज की दरो के अनुसार आगणित कर कुल देय धनराशि परिषद के उक्त पेन नम्बर पर जमा कराया जायेगा। दण्ड ब्याज की देनदारी परिषद की नहीं होगी।

व. आवंटित भूमि के सम्बन्ध में मा0 सक्षम न्यायालयो द्वारा समय–समय पर यदि कोई निर्णय पारित किये जाते है तो उनका अनुपालन उभयपक्ष को करना होगा।

प. सम्पत्ति का कब्जा प्राप्त करने हेतु इस पत्र पर नीचे अंकित सभी प्रपत्र दिनांक 31.1.2017 तक इस कार्यालय में जमा कर किश्त किराया अनुबन्ध निष्पादित कराना होगा, अन्यथा रू0–300.00 प्रतिदिन की दर से सम्पूर्ण प्रपत्र जमा कराने की तिथि तक विलम्ब शुल्क देय होगा। कब्जा पत्र निर्गत होने के 30 दिन के अन्दर भौतिक कब्जा न लेने पर रू0–300.00 प्रतिदिन की दर से भौतिक कब्जा लेने की तिथि तक रख–रखाव शुल्क भी देय होगा।

फ. उक्त के अतिरिक्त समय–समय पर शासन/परिषद द्वारा बनाये गये नियम व शर्तें आवंटन की तिथि से प्रभावी होंगे एवं क्रेता को मान्य होगें।

ब टू–बिड से नीलामी हेतु निर्गत ब्रोशर में अंकित नियम व शर्तो के अतिरिक्त जो प्राविधान उपलब्ध नहीं है, में उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद नीलामी सम्बन्धी विनियमावली एवं प्रदेशन सम्बंधी विनियमावली 1980 यथा संशोधित फरवरी 1993 के प्राविधान लागू होगें।

म टू–बिड से नीलामी हेतु निर्गत ब्रोशर में अंकित समस्त नियम व शर्तें आवंटी पर लागू होगी तथा इन नियम व शर्तो में संशोधन/आंशिक संशोधन किये जाने का अधिकार आवास आयुक्त महोदय में निहित होगा। किसी भी विवाद की स्थिति में आवास आयुक्त महोदय का निर्णय अंतिम एवं स्वीकार्य होगा। शेष नियम व शर्तें पूर्व निर्गत प्रदेशन पत्र के अनुसार पूर्ववत् रहेगी।

भवदीय

सम्पत्ति प्रबन्धक
कृते आवास आयुक्त

आवंटी द्वारा दिनांक 31.1.2017 तक इस कार्यालय में जमा करने वाले प्रपत्रों की सूची :–

1. कब्जे से पूर्व भूखण्ड के कुल मूल्य का 07 प्रतिशत स्टाम्प ड्यूटी अथवा शासनादेश के अनुसार लागू स्टाम्प ड्यूटी एवं रू0–100.00 का स्टाम्प पेपर जमा करें। स्टाम्प पेपर की गणना समय–समय पर शासन के आदेशानुसार परिवर्तनीय है।
2. स्टाम्प पेपर कोषाधिकारी गाजियाबाद से निर्गत ही मान्य होगें।
3. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–01 उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, वसुन्धरा गाजियाबाद के कार्यालय से 05 नग साईट प्लान प्राप्त कर जमा करायें।
4. राजपत्रित अधिकारी से दो फोटो एवं हस्ताक्षर प्रमाणित कराकर जमा करें। कम्पनी/संस्था की दशा में प्रभार प्रमाण पत्र भी जमा कराना होगा।

सम्पत्ति प्रबन्धक
कृते आवास आयुक्त

F

3 G.O

संख्या : 3388 / आठ–1–13–80विविध / 2010

प्रेषक,

सदाकान्त
प्रमुख सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

(1) आवास आयुक्त,
उ0प्र0 आवास एवं विकास
परिषद, लखनऊ।

(2) उपाध्यक्ष,
समस्त विकास प्राधिकरण,
उत्तर प्रदेश।

(3) अध्यक्ष,
समस्त विशेष विकास क्षेत्र,
उत्तर प्रदेश।

(4) नियंत्रक प्राधिकारी,
समस्त विनियमित क्षेत्र,
उ0प्र0।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–1 लखनऊ : दिनांक : 05 दिसम्बर, 2013

विषय : सार्वजनिक, निजी एवं सहकारी क्षेत्र की नई आवासीय योजनाओं में आर्थिक दृष्टि से दुर्बल एवं अल्प आय वर्गों के व्यक्तियों के लिए आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने सम्बन्धी नीति।

महोदय,

समाज के आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्गों की मकान खरीदने की क्रय– क्षमता पर विशेष ध्यान देते हुए राष्ट्रीय एवं राज्य शहरी आवास नीतियों में आर्थिक दृष्टि से दुर्बल एवं अल्प आय वर्गों को आर्थिक क्षमतानुसार आवासीय सुविधा मुहैया कराने पर विशेष बल दिया गया है। इस उद्देश्य से सार्वजनिक, निजी एवं सहकारी क्षेत्र की नयी आवासीय योजनाओं में 'क्रास–सब्सिडाईजेशन' के माध्यम से ई.डब्लू.एस. एवं एल.आई.जी. श्रेणी के व्यक्तियों के लिए आवास निर्माण सुनिश्चित करने हेतु शासनादेश सं0–3338 / आठ–1–11– 80विविध / 2010 दिनांक 26.09.11 द्वारा नीति निर्धारित की गयी थी।

उक्त शासनादेश द्वारा निर्गत नीति के कतिपय प्राविधान विशेषकर ई.डब्ल्यू.एस. एवं एल.आई.जी. परिवारों की मासिक आय सीमा, उक्त भवनों के निर्माण हेतु योजना का न्यूनतम क्षेत्रफल, परफार्मेंस गारण्टी तथा भवनों की सीलिंग कास्ट आदि वर्तमान में व्यवहारिक न होने के कारण वर्तमान में नीति का क्रियान्वयन अवरुद्ध हो गया है।

2– अतः इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि इस समस्या के निराकरण तथा आर्थिक दृष्टि से दुर्बल एवं अल्प आय वर्गों के व्यक्तियों हेतु "सेल्फ सस्टेनेबल" आधार पर आवासों का निर्माण सुनिश्चित कराने एवं विकासकर्त्ताओं को ऐसे भवनों के निर्माण हेतु स्वतः प्रेरित किये जाने हेतु शासनादेश सं0–3338 / आठ–1–11–80 विविध / 2010 दिनांक 26.09.11 को संशोधित करते हुए सम्यक विचारोपरान्त पुनः निम्नवत् नीति निर्धारित की जाती है :–

(i) आय सीमा का निर्धारण

भारत सरकार / हडको द्वारा दिनांक 14.12.12 से पुनरीक्षित मानकों के अनुसार ई.डब्लू.एस. परिवार की वार्षिक आय रू. 1.0 लाख तक तथा एल.आई.

जी. परिवार की वार्षिक आय रू. 1.0 लाख से अधिक परन्तु रू. 2.0 लाख तक होगी। भविष्य में भी हडको/भारत सरकार द्वारा मानक पुनरीक्षित करने पर उसे यथावत् लागू किया जाएगा। हडको/भारत सरकार द्वारा मानकों का पुनरीक्षण न करने पर वार्षिक आय सीमा को प्रत्येक वर्ष 'कास्ट इन्डेक्स' के आधार पर पुनरीक्षित किया जाएगा।

(ii) भूखण्डीय विकास पद्धति में भूखण्ड का क्षेत्रफल तथा ग्रुप हाउसिंग पद्धति में आवासीय इकाईयों का 'बिल्ट–अप एरिया' का मानक

ई.डब्लू.एस. एवं एल.आई.जी. भवनों के लिए भूखण्डीय विकास में भूखण्ड के न्यूनतम क्षेत्रफल तथा ग्रुप हाउसिंग पद्धति में आवासीय इकाईयों के लिए 'बिल्ट–अप एरिया' के लिए मानक निम्नवत् होंगे :–

क्र. सं.	आय वर्ग	भूखण्डीय विकास में भूखण्ड का क्षेत्रफल (वर्गमी.)	ग्रुप हाउसिंग पद्धति में आवासीय इकाई का बिल्ट–अप एरिया (वर्ग मी.)
1.	ई.डब्लू.एस.	30–35	25–35
2.	एल.आई.जी.	40–50	35 से अधिक 48 तक

प्रतिबन्ध यह है कि भूखण्डीय विकास में भी भूखण्ड पर यथास्थिति ई.डब्लू.एस. एवं एल.आई.जी. भवनों का निर्माण कर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा, तथा भवन निर्माण की लागत 'सीलिंग–कास्ट' में सम्मिलित होगी। भूखण्डीय विकास के अन्तर्गत ई.डब्लू.एस. एवं एल.आई.जी. भवनों का निर्माण ग्रुप–हाउसिंग के रूप में भी किया जा सकेगा। ग्रुप हाउसिंग के रूप में निर्मित किए जा रहे ई.डब्लू.एस. एवं एल.आई.जी. भवन चार से अधिक मंजिलों के साथ भी निर्मित किए जा सकते हैं।

स्पष्टीकरण – 'बिल्ट–अप एरिया' से तात्पर्य आवासीय इकाई के निर्मित क्षेत्रफल से है, जिसमें दीवारें, कमरे, बाथरूम, रसोईघर, बालकनी, आदि से आच्छादित क्षेत्रफल सम्मिलित होगा, जो भवन स्वामी के एकान्तिक कब्जे (एक्सक्लुसिव पोजेशन) में होगा। 'बिल्ट–अप एरिया' के अन्तर्गत "साझा क्षेत्रों और सुविधाओं" (कामन एरियाज एण्ड फैसिलिटीज़) का "अविभाजित हित" (अनडिवाइडेड इन्ट्रेस्ट) सम्मिलित नहीं किया जाएगा।

(iii) योजनान्तर्गत ई.डब्लू.एस. एवं एल.आई.जी. भवनों का प्रतिशत

सार्वजनिक, निजी एवं सहकारी क्षेत्र की नई आवासीय (भूखण्डीय विकास एवं ग्रुप हाउसिंग) योजनाओं में प्रस्तावित कुल आवासीय इकाइयों (भूखण्ड अथवा फ्लैट) का न्यूनतम 10–10 प्रतिशत (कुल 20 प्रतिशत) ई.डब्लू. एस. एवं एल.आई.जी. भवनों का निर्माण निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन किया जाना अनिवार्य होगा :–

(1) एकल आवासीय भवन इन प्राविधानों से मुक्त रहेंगे। एक से अधिक भूखण्ड/फ्लैट की आवासीय परियोजना/योजना पर यह प्राविधान लागू होंगे।

(II) 4.0 हैक्टेयर से कम क्षेत्रफल की आवासीय योजनाओं में ई.डब्लू.एस. एवं एल.आई.जी. भवनों का निर्माण यथासम्भव उसी स्थल पर अथवा 10 लाख एवं अधिक जनसंख्या वाले नगरों में योजना स्थल के 05 किलोमीटर के अर्द्धव्यास व अन्य नगरों में 02 किलोमीटर के अर्द्धव्यास के अन्दर किया जा सकेगा। यदि भवनों का निर्माण सम्भव न हो, तो उसके एवज में विकासकर्ता द्वारा विकास प्राधिकरण/आवास एवं विकास परिषद को 'शेल्टर फीस' देय होगी। अर्थात् ई.डब्लू.एस. एवं एल.आई.जी. भवनों का निर्माण करने अथवा 'शेल्टर फीस' अदा करने में से कोई एक विकल्प चुनने के लिए विकासकर्ता स्वतन्त्र होगा।

स्पष्टीकरण – 'शेल्टर फीस' का तात्पर्य ई.डब्लू.एस. एवं एल.आई.जी. हेतु 20 प्रतिशत इकाइयों के निर्माण के एवज में विकासकर्ता द्वारा प्राधिकरण/आवास एवं विकास परिषद को देय फीस से है, जिसकी गणना किसी योजना में प्रस्तावित आवासीय इकाईयों की कुल संख्या के सापेक्ष ई.डब्लू.एस. एवं एल.आई.जी. के 'बिल्ट–अप एरिया' क्रमशः 25 वर्ग मीटर एवं 35 वर्ग मीटर के समतुल्य भूमि हेतु सम्बन्धित योजना की भूमि के वर्तमान सर्किल रेट के आधार पर निम्न फार्मूला के अनुसार की जायेगी :–

$$\frac{\text{आवासीय इकाईयों की कुल संख्या} \times (25+35) \times \text{वर्तमान सर्किल रेट का आधा}}{10}$$

4.0 हैक्टेयर एवं इससे अधिक क्षेत्रफल की आवासीय योजनाओं में ई.डब्लू.एस. के लिए न्यूनतम 10 प्रतिशत तथा एल.आई.जी. के लिए भी न्यूनतम 10 प्रतिशत (कुल 20 प्रतिशत) भवनों का निर्माण उसी योजना की सीमान्तर्गत करना अनिवार्य होगा।

(III) 'शेल्टर फीस' से प्राप्त होने वाली धनराशि विकास प्राधिकरण/आवास एवं विकास परिषद द्वारा एक अलग बैंक खाते में जमा की जाएगी, जिसे केवल ई.डब्लू.एस. एवं एल.आई.जी. हाउसिंग के लिए भूमि जुटाव, भूमि विकास एवं भवन निर्माण और उससे सम्बन्धित कार्यों के उपयोग में ही लाया जाएगा।

(IV) जहां किसी योजना में विकासकर्ता द्वारा नियमानुसार क्रय–योग्य एफ.ए.आर. लिया जाता है, वहां उक्त अतिरिक्त एफ.ए.आर. के सापेक्ष भी यथास्थिति समानुपातिक रूप से ई.डब्लू.एस. एवं एल.आई.जी. भवनों का निर्माण किया जाना होगा अथवा 'शेल्टर फीस' देय होगी। क्रय–योग्य एफ.ए.आर. के सापेक्ष ई.डब्लू.एस. एवं एल.आई.जी. की बाध्यता का प्राविधान पूर्व में स्वीकृत आवासीय योजनाओं में अतिरिक्त क्रय अंश पर भी लागू होगा, जिनमें क्रय–योग्य एफ.ए.आर. की अनुमति इस नीति के जारी होने के उपरान्त प्रदान की जाती है।

(iv) आवासीय इकाइयों की 'सीलिंग कास्ट'

हडको द्वारा दिनांक 14.12.2012 से पुनरीक्षित मानकों के अनुसार ई.डब्लू.एस. एवं एल.आई.जी. भवनों का सीलिंग मूल्य क्रमशः रू. 3.25 लाख तथा रू. 7.00

लाख इस प्रतिबन्ध के साथ निर्धारित किया जाता है कि उक्त सीलिंग कारट ई.डब्लू.एस. भवन के 25 वर्गमीटर 'बिल्ट–अप एरिया' तथा एल.आई.जी. भवन के 35 वर्गमीटर 'बिल्ट–अप एरिया' के लिए प्रभावी होगी। 'बिल्ट–अप एरिया' उक्त से अधिक होने पर भवनों के वास्तविक 'बिल्ट–अप एरिया' के सापेक्ष "प्रो–राटा (समानुपातिक) आधार पर सीलिंग कास्ट आंकलित की जा सकती है। 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगरों में सीलिंग कास्ट 20 प्रतिशत अधिक हो सकती है। भविष्य में हडको/भारत सरकार द्वारा सीलिंग कारट पुनरीक्षित करने पर यथावत् लागू होंगे। हडको/भारत सरकार द्वारा सीलिंग कास्ट में पुनरीक्षण न करने पर प्रत्येक वर्ष 'कास्ट इन्डेक्स' के आधार पर पुनरीक्षित किया जाएगा।

(अ) <u>भवन निर्माण हेतु 'परफार्मेन्स गारन्टी'</u>

ई.डब्लू.एस. एवं एल.आई.जी. भवनों के सापेक्ष देय बैंक गारन्टी की धनराशि सम्बन्धित योजना के कुल क्षेत्रफल की 10 प्रतिशत भूमि मूल्य के बराबर होगी, जिसकी गणना वर्तमान सर्किल रेट के आधार पर की जाएगी। बैंक गारण्टी की वैधता अवधि न्यूनतम 01 वर्ष होगी। बैंक गारण्टी की समयावधि पूर्ण होने के पूर्व ही विकास प्राधिकरण/आवास एवं विकास परिषद द्वारा इसके नवीनीकरण की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी, ताकि बैंक गारन्टी 'लैप्स' न होने पाए।

ई.डब्लू.एस. एवं एल.आई.जी. भवनों के सापेक्ष बैंक गारण्टी के स्थान पर यह विकल्प होगा कि विकासकर्ता द्वारा योजना के कुल क्षेत्रफल की 10 प्रतिशत भूमि जो विक्रय–योग्य हो, प्राधिकरण/आवास एवं विकास परिषद के पक्ष में बन्धक/गिरवी रखी जा सकती है। यह भूमि आन्तरिक एवं वाह्य विकास कार्यों के सापेक्ष बंधक/गिरवी रखी जाने वाली भूमि के अतिरिक्त होगी। बंधक/गिरवी रखी जाने वाली भूमि को ले–आऊट पर चिन्हित करते हुए "मोर्टगेज डीड" निष्पादित करनी अनिवार्य होगी, जिसे ई.डब्लू.एस. एवं एल.आई.जी. भवनों के निर्माण की प्रगति के साथ–साथ समानुपातिक रूप से अवमुक्त किया जायेगा। विकासकर्ता द्वारा यदि ई.डब्लू.एस. एवं एल.आई.जी. भवनों का निर्माण नहीं किया जाता है अथवा अधूरा छोड़ा जाता है, तो प्राधिकरण/परिषद द्वारा बैंक गारण्टी को जब्त कर एवं भुना कर अथवा बन्धक रखी गई 10 प्रतिशत भूमि के विक्रय से प्राप्त धनराशि से ई.डब्लू.एस. एवं एल.आई.जी. भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाएगा। डिफाल्टर विकासकर्ता के विरुद्ध नियमानुसार यथोचित दण्डात्मक कार्यवाही करने पर भी विचार किया जायेगा।

इसके अतिरिक्त ई.डब्लू.एस. एवं एल.आई.जी. भवनों का निर्माण योजना के अन्य आवासीय स्टाक की भौतिक प्रगति के अनुपात में किया जाना होगा। उदाहरणार्थ, किसी योजनान्तर्गत प्रस्तावित 100 भवनों में से यदि विकासकर्ता द्वारा प्रथम चरण में 40 भवन बनाने हैं, तो इन भवनों के साथ–साथ 4–4 ई.डब्लू.एस. एवं एल.आई.जी. भवन भी बनाने होंगे। विकासकर्ता द्वारा ई.डब्लू. एस./एल.आई.जी. भवन तथा सामुदायिक सुविधाएं ले–आउट में ऐसे स्थलों पर

प्रस्तावित किए जाएंगे, जिनका स्वामित्व निर्विवाद रूप से विकासकर्ता के पास उपलब्ध हो। इन भवनों का विकास/निर्माण सुनिश्चित कराने का दायित्व विकास प्राधिकरण/आवास एवं विकास परिषद का होगा। उक्त व्यवस्था हाईटेक टाउनशिप तथा इन्टीग्रेटेड टाउनशिप योजनाओं में भी लागू होगी, जिस हेतु सुसंगत एम.ओ.यू./डेवलपमेन्ट एग्रीमेन्ट में तत्सीमा तक संशोधन किया जाएगा।

(vi) <u>विकासकर्ताओं को 'इन्सेन्टिव'</u>

विकासकर्ता द्वारा ई.डब्लू.एस. एवं एल.आई.जी. भवनों की लागत को अपनी योजनान्तर्गत अन्य उच्च उपयोगों के भूखण्डों से 'क्रास–सब्सिडाइज़' करने हेतु विकासकर्ता को ई.डब्लू.एस. एवं एल.आई.जी. भवनों के तल क्षेत्रफल के समतुल्य आवासीय उपयोग का निःशुल्क एफ.ए.आर., जो बेसिक एफ.ए.आर. (+) क्रय–योग्य एफ.ए.आर. के अतिरिक्त होगा, अनुमन्य होगा, जिसके सापेक्ष समानुपातिक रूप से आवासीय इकाइयां भी अनुमन्य होंगी। विकासकर्ता द्वारा अतिरिक्त निःशुल्क एफ.ए.आर. के आधार पर योजना का ले–आउट प्लान/भवन मानचित्र तैयार किया जा सकेगा, जो सशर्त अनुमोदित किया जायेगा, परन्तु 'इन्सेन्टिव' के रूप में अनुमन्य अतिरिक्त एफ.ए.आर. का उपयोग ई.डब्लू. एस. एवं एल.आई.जी. भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने की शर्त के अधीन ही अनुमन्य होगा।

विकासकर्ता को ई.डब्लू.एस. एवं एल.आई.जी. भवनों के तल क्षेत्रफल के समतुल्य 'इन्सेन्टिव' के रूप में अनुमन्य आवासीय उपयोग का निःशुल्क एफ. ए.आर. उसी योजनान्तर्गत अनुमन्य होगा तथा यह अन्यत्र 'ट्रांसफरेबल' नहीं होगा।

(vii) <u>भवनों के आवंटन की प्रकिया</u>

लाभार्थियों के चयन की कार्यवाही समय से शासन द्वारा समय–समय पर घोषित/संशोधित नीति के अनुसार पारदर्शी लाटरी प्रक्रिया के माध्यम से प्रारम्भ कर की जायेगी। भवनों के निर्माण कार्य पूरा होने के साथ ही लाभार्थियों को भवन का आवंटन नियमानुसार किया जायेगा। इसके लिए अलग से प्रकिया निर्धारित करते हुए शासनादेश निर्गत किया जायेगा।

(viii) <u>भवनों के विक्रय/हस्तान्तरण पर रोक</u>

सार्वजनिक, निजी एवं सहकारी क्षेत्र में ई.डब्लू.एस. एवं एल.आई.जी. भवनों का आवंटन 'लीज–होल्ड' के आधार पर किया जाएगा, जिसके विक्रय/हस्तान्तरण पर आवंटन की तिथि से 05 वर्षों अथवा देय लागत जमा करने की तिथि, जो भी बाद में हो, तक प्रतिबन्ध रहेगा तथा उक्त अवधि के पश्चात लाभार्थी के पक्ष में फ्री–होल्ड किया जा सकेगा।

ई.डब्लू.एस. एवं एल.आई.जी. भवन 'हेरिटेबल' होंगे। एक से अधिक ई.डब्लू.एस. अथवा एल.आई.जी. भवनों का 'अमलगमेशन' अथवा उन्हें जोड़कर एक इकाई/भवन बनाना प्रतिबन्धित होगा।

(ix) <u>नियोजन एवं भवन निर्माण सम्बन्धी अपेक्षाएं</u>

इस नीति के अधीन निर्मित किए जाने वाले ई.डब्लू.एस. एवं एल.आई.जी. भवन एफ.ए.आर. एवं डेन्सिटी के प्राविधानों से मुक्त रहेंगे। भवनों के नियोजन तथा अभिकल्पन एवं निर्माण की अन्य अपेक्षाएं विकास प्राधिकरणों/आवास एवं विकास परिषद में लागू भवन निर्माण एवं विकास उपविधि के अनुसार होंगी। इसके अतिरिक्त ऐसी आवासीय योजनाएं जहां ई.डब्लू.एस. एवं एल.आई.जी. भवनों का निर्माण 'क्लस्टर' के रूप में किया जाए, वहां उक्त आय वर्गों हेतु मानकों के अनुसार सामुदायिक सुविधाएं यथा–स्कूल, स्वास्थ्य केन्द्र, पार्क, कूड़ा–एकत्रीकरण स्थल इत्यादि का अनिवार्य रूप से प्राविधान किया जाएगा।

3– कृपया उक्त आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(सदाकान्त)
प्रमुख सचिव

<u>संख्या–3188 (1)/आठ–1–2013, तद्दिनांक।</u>

उपर्युक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. प्रबन्ध निदेशक, सहकारी आवास निर्माण एवं वित्त निगम।
2. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
3. निदेशक, आवास बन्धु, उ0प्र0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि इस शासनादेश को समस्त संबन्धितों को अपने स्तर से उपलब्ध कराते हुए इसे आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की वेबसाइट पर तत्काल अप–लोड कराना सुनिश्चित करें ।
4. आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के समस्त अनुभाग।
5. गार्ड बुक।

आज्ञा से,

(शिवजनम चौधरी)
संयुक्त सचिव

I Singh EWS-LIG 0 0

Apex Heights Pvt. Ltd.

APEX

Corp. Office: Plot No.-11/18, Sector - 18, Vasundhara, Ghaziabad, UP
Regd. Office: S-672, School Block, Shakarpur, Delhi - 110092
Mob: 09810406695, 09810030956

Email: info@theapexgroup.in
Website: www.theapexgroup.in

सेवा में,

आवास आयुक्त,
उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद,
वसुंधरा गाजियाबाद।

विषय– **भूखण्ड संख्या–4 बीएस 2/3 सिद्धार्थ विहार योजना क्षेत्रफल 26000वर्गमी0 से सम्बन्धित शेल्टर फीस का निर्धारण किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

नम्र निवेदन यह है कि सिद्धार्थ विहार योजना गाजियाबाद के अन्तर भूखण्ड संख्या–4 बीएस 2 क्षेत्रफल 101750 वर्गमी0 मेसर्स सेम्स रियल स्टेट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में नीलामी द्वारा आवंटित हुआ था। किसानों के विवाद डम्पिंगग ग्राउन्ड एवं स्थलीय विकास कार्य पूर्ण होने के कारण उक्त भूखण्ड को दो भागों में विभाजित कर दिया गया। जिसमें से 52000 वर्गमी0 में से तीन भूखण्ड बनाएं गए इन तीनों भूखण्डों को मे0 सेम्स रियल स्टेट प्राइवेट लिमिटेड लीड मेम्बर

M/s ENVIRONS INFRASTRUCTURE PVT. LTD.
M/s PERIGEE LAND & HOUSING PVT. LTD.
M/s APEX HEIGHTS PVT. LTD.

जिसमें प्रार्थी मे0 एपैक्स हाईट्स प्रा0लि0 को 26000वर्गमी0 भूखण्ड आवंटित किया गया जिसकी लीज डीड भी अलग से निष्पादित की गयी थी व लीज डीड के नक्शे में इसको ग्रुप हाउसिंग प्लाट के भूखण्ड के रूप में दर्शाया गया। नीलामी पुस्तिका के पृष्ठ 9 प्रस्तर ओ की धारा संख्या छ में उल्लेखित शासनादेश संख्या 3888 EWS/LIG बनाने की छूट के बदले शेल्टर फीस जमा कराए जाने का प्रावधान अंकित है।

जिसमें क्षेत्रफल की सीमा 4 हेक्टेयर अर्थात् 40000वर्ग मी0 जबकि हमें रिलेवेंट मेम्बर के रूप में जो भूखण्ड आवंटित है। उसका क्षेत्रफल 26000 वर्गमी0 है अर्थात् 2.60 हे0 होने के कारण इस प्रकार नीलामी पुस्तिका में अंकित उक्त संदर्भ शासनादेश प्रस्तर के अनुसार EWS/LIG के सापेक्ष में शेल्टर फीस जमा कराने सम्बन्धित दिशा निर्देश आवास विकास परिषद को प्रदान करने की कृपा करें।

धन्यवाद

संलग्नक–

1. नीलामी पुस्तिका दिनांक 07.01.14
2. शासनादेश संख्या–3338/आठ –1–11–80 विविध/2010 दिनांक 26.09.2011
3. संशोधित शासनादेश संख्या–3188/आठ –1–13–80 विविध/2010 दिनांक 05.12.2013
4. प्रार्थी की लीज डीड की छायाप्रति दिनांक 28.12.2016

3dev 26.4.19

भवदीय

कृते अपैक्स हाईट्स प्रा0लि0
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता

Apex Heights Pvt. Ltd.

APEX

Corp. Office: Plot No. 11/3, Sector - 3, Apex Acacia Valley, Vaishali, Ghaziabad, (U.P.)
Regd. Office: S-672, School Block, Shakarpur, Delhi - 110092
Mob: 09810406695, 09810030956
CIN No.: U45201DL2006PTC146615

Email: Info@theapexgroup.in
Website: www.theapexgroup.in

सेवा में,

मा0 मुख्यमंत्री,
उ0प्र0 शासन,
उ0प्र0।

विषयः—**आवास विकास परिषद की सिद्धार्थ विहार योजना, गाजियाबाद में स्थित भूखण्ड सं0—4/बी0एस0—2/3 क्षे0 26000 वर्ग0 मी0 में शेल्टर फीस जमा कराने हेतु अनुमति प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

आदरणीय महोदय अवगत कराना है कि उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद ने सिद्धार्थ विहार योजना गाजियाबाद में बल्क सेल भूखण्ड सं0—4/बी0एस0—2 (क्षे0 101175.00 वर्ग मी0) मैसर्स सेम्स रियलइस्टेट प्रा0लि0 के पक्ष में नीलामी से कन्सोर्शियम एम0ओ0ए0 के आधार पर आवंटित किया गया। जिसके मै0 सेन्स रियलइस्टेट प्रा0लि0 लीड मेम्बर के अतिरिक्त मै0 एस0जी0 इस्टेट लि0, मैसर्स प्रेगी लेण्ड एण्ड हाउसिंगग प्रा0लि0, मैसर्स एपेक्स हाइट्स प्रा0लि0, मै0 एनवायरोन्स इन्फ्रा स्ट्रक्चर प्रा0लि0, कन्सोर्शियम मेम्बर थे। आवंटन के बाद स्थल पर यह ज्ञात हुआ कि प्लाट के बीचो—बीच से एल0टी0लाईन गुजर रही है, जो कि रेलवे की है। वह हट नहीं सकती है। जिसके कारण आवास विकास परिषद ने दिनांक 21.08.2015 को यह निर्णय लिया गया कि भूखण्ड सं0—4/बी0एस0—2 को दो फेज में विभाजित कर दिया जाय। भूखण्ड को दो फेज में विभाजन के उपरान्त प्रथम फेज में भूखण्ड सं0—1,2,3 सृजित किया गया तथा विवादित भूमि में भूखण्ड सं0—4 सृजित किया। इसका ले—आउट वास्तुविद इकाई—5 लखनऊ के पत्र सं0—214/बल्कसेल/दिनांक 21.08.2015 द्वारा किया गया।

मा0 निदेशक मण्डल में 231वीं बैठक में पारित निर्णय क्रम में आवास आयुक्त (म0) के आदेशान्तर्गत इस भूखण्ड को कतिमय शर्तो के अधीन 04 उपविभाजन करते हुए भूखण्ड सं0—4/बी0एस0—2/1 में 4/बी0एस0—2/2, 4बी0एस0—2/3 एवं 4/बी0एस0—2/4 में विभाजित करते हुए मेरी फर्म एपेक्स हाईट्स प्रा0लि0 के पक्ष में 26000 वर्ग मी0 का प्रदेशन पत्र सं0—18581 दिनांक 28.10.2016 द्वारा जारी किया गया। इसके पश्चात मैने प्रदेशन के अनुसार वांछित धनराशि परिषद में जमा कराकर लीज अनुबन्ध कराकर भौतिक कब्जा प्राप्त कर लिया तथा परिषद से मानचित्र पास कराने के उपरान्त स्थल पर निर्माण कार्य प्रारम्भ करा दिया। परिषद स्वीकृत नक्शे उ0प्र0 शासन के शासनादेश सं0—3338/आ0—1—11—80 विविध/2010 दिनांक 26.09.2021 के अनुसार 10 प्रतिशत ई0डब्लू0एस0 एवं 10 प्रतिशत एल0आई0जी0 फ्लैटों का निर्माण किया जाना है।

For APEX HEIGHTS PVT. LTD.

Director

//क्रमशः—2/

इस सम्बन्ध में अनुरोध है कि उक्त शासनादेश दिनांक 26.09.2011 के क्रम में उ0प्र0 शासन द्वारा जारी शासनादेश सं0–3188/आ0–1–13–80 विविध/2010 दिनांक 05.12.2013 के बिन्दु सं0–2 के प्रस्तर–(iii) के (ii) में यह व्यवस्था दी गई है कि **"4 हेक्टेयर से कम क्षेत्रफल की आवासीय योजनाओं में ई0डब्लू0एस0 एवं एल0आई0जी0 का निर्माण यथा सम्भव उसी स्थल पर अथवा 10 लाख एवं अधिक जनसंख्या वाले नगरों में योजना स्थल के 05 किलोमीटर के अर्द्धव्यास व अन्य नगरों में 02 किलोमीटर के अर्द्धव्यास के अन्दर किया जा सकेगा। यदि भवनों का निर्माण सम्भव न हो तो, उसके एवज में विकासकर्ता द्वारा विकास प्राधिकरण/आवास एवं विकास परिषद के "शेल्टर फीस" देय होगी अर्थात ई0डब्लू0एस0 एवं एल0आई0जी0 भवनों का निर्माण करने अथवा "शेल्टर फीस" अदा करने से कोई एक विकल्प चुनने के लिए विकासकर्ता स्वतन्त्र होगा"** यह दोनो शासनादेश परिषद में अंगीकृत भी और इसके अनुसार अन्य बिल्डरों को भी सुविधा दी गयी है।

महोदय यहॉ आपको सूचित करना चाहता हूँ कि विभाजन के उपरान्त मेरी फर्म को 26000 वर्ग मी0 भूमि दी गयी है, जो कि शासनादेश में अंकित व्यवस्था 04 हेक्टेयर (अर्थात 40000 वर्ग मी0) से कम है। छब्बीस हजार वर्ग मी0 में ई0डब्लू0एस0/एल0आई0जी0 की प्लानिंग नहीं हो पा रही है, जिसके कारण मैं उक्त शासनादेश अंकित व्यवस्था के अनुसार ई0डब्लू0एस0/एल0आई0जी0 बनाने के स्थान "शेल्टर फीस" जमा कराना चाहता हूँ। इस हेतु मैंने परिषद मे कई आवेदन पत्र दिये लेकिन उन पर अभी तक निर्णय नहीं हो पाया है। स्थल पर मेरी बिल्डिंग लगभग पूर्ण है, कम्प्लीशन इत्यादि के लिए आवेदन किया जाना है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त सन्दर्भित शासनादेशों (जिनका अंकन नीलामी के समय निर्गत ब्रोशर में भी है) के अनुसार "शेल्टर फीस" जमा कराने की अनुमति दिलाने की कृपा करें।

संलग्नक–

1. नीलीमी का ब्रोशर
2. शासनादेश सं0–3338 दिनांक 26.09.2011 एवं तत्क्रम में जारी सं0–3188/आठ–1–13–80 विविध/2010 दिनांक 05.12.2013 की छायाप्रति।

For APEX HEIGHTS PVT. LTD.

Director

वास्ते
एपेक्स हाईट्स प्रा0लि0
ऑथराईज्ड सिग्नेचरी

प्रतिलिपिः–

1. प्रमुख सचिव (मा0 मुख्यमंत्री) उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. प्रमुख सचिव (आवास), उ0प्र0 शासन, बाबू भवन, लखनऊ।
3. आवास आयुक्त (म0) उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, 104 महात्मा गांधी मार्ग, लखनऊ।

ऑथराईज्ड सिग्नेचरी

मा0 परिषद के समक्ष व्याख्यात्मक टिप्पणी

विषयः सिद्धार्थ विहार योजना गाजियाबाद में स्थित बल्क सेल भूखण्ड संख्या–4/बी0एस0–2 के सम्बन्ध में।

सिद्धार्थ विहार योजना गाजियाबाद में स्थित बल्क सेल भूखण्ड संख्या–4/बी0एस0–2 दिनांक 17.01.2014 को सम्पन्न नीलामी में मैसर्स रोम्स रियल इस्टेट प्रा0 लि0 ने क्रय किया है। मुख्यालय के पत्र संख्या–144/स0प्र0–3 दिनांक 30.01.2014 द्वारा जारी स्वीकृति के क्रम में प्रदेशन पत्र संख्या–979 दिनांक 01.02.2014 जारी है। प्रदेशन पत्र के अनुसार भूखण्ड का मूल्य रु0 3,92,81,19,375.00 है। फर्म को दिनांक 15.03.2014 तक रु0 39,42,17,910.00 एवं दिनांक 30.04.2014 तक रु0 39,28,11,940.00 एवं विविध शुल्क की धनराशि रु0 98,20,600.00 दिनांक 15.03.2014 तक जमा कर कब्जा प्राप्त करना था। शेष 75% मूल्य की 10 छिमाही किश्तें में रु0 42,92,45,245.00 की दिनांक 01.07.2014 से जमा की जानी है। आवंटी संस्था ने टोकन धनराशि रु0 19,50,00,000.00 परिषद में जमा की है। प्रदेशन पत्र के उपरान्त कोई भी धनराशि जमा नहीं है।

मैसर्स रोम्स रियल इस्टेट प्रा0लि0 ने अपने पत्र दिनांक 28.02.2014 एवं 20.03.2014 द्वारा सूचित किया है कि भूखण्ड के ऊपर से हाईटेन्शन लाईन गुजर रही है, जिस कारण भूखण्ड पर निर्माण किया जाना सम्भव नहीं होगा। नीलामी हेतु प्रकाशित विज्ञापन के अनुसार नीलामी से निस्तारित होने वाली सम्पत्तियाँ "जहाँ है, जैसे है" के आधार पर नीलामी की जाती हैं। अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–16, गाजियाबाद द्वारा निर्गत साईट प्लान के अनुसार भूखण्ड के लगभग आधे भाग को ऊपर से हाईटेन्शन लाईन गुजर रही है जिसको शिफ्ट किये जाने हेतु परिषद द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

प्रश्नगत बल्क सेल भूखण्ड संख्या–4/बी0एस0–2 के ऊपर से गुजर रही हाईटेन्शन लाईन के शिफ्ट होने तक प्रदेशन पत्र के अनुसार देय धनराशि को तदनुसार शिफ्ट किये जाने का प्रस्ताव मा0 परिषद के समक्ष विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत है।

(एस0पी0 सिंह)
उप आवास आयुक्त

(रुद्र प्रताप सिंह)
अपर आवास आयुक्त एवं सचिव

(शहाबुद्दीन मोहम्मद)
आवास आयुक्त

उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद
राष्ट्रीय राजमार्ग अनुभाग
104, महात्मा गांधी मार्ग, लखनऊ-226001

पत्र संख्या:- 1477 /उ0प्र0-3/1313-2013/3413 दिनांक:- 16/12/2014

सेवा में,

संयुक्त आवास आयुक्त
(मेरठ जोन)
उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद
मेरठ।

विषय:-परिषद की सिद्धपार्थ विहार योजना गाजियाबाद में स्थित बल्क सेल भूखण्ड संख्या-4/बी0एस0-2 के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक परिषद की सिद्धार्थ विहार योजना गाजियाबाद मे स्थित बल्क सेल भूखण्ड संख्या-4/बी0एस0-2 ऊपर से गुजर रही हाईटेन्शन लाईन के शिफ्ट होने तक प्रदेशना पत्र के अनुसार देय धनराशि को तदनुसार शिफ्ट किये जाने का प्रस्ताव मा0 परिषद के समक्ष विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत किया गया था। प्रकरण मा0 निदेशक मण्डल की 231वीं बैठक दिनांक 09.12.2014 मे मद संख्या 231/35 पर प्रस्तुत किया गया तथा मा0 निदेशक मण्डल की बैठक मे सर्वसम्मति से सम्यक विचारोपरान्त प्रस्ताव अनुमोदित किया गया।

अत: मा0 निदेशक मण्डल के निर्णयानुसार कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(एस0वी0 सिंह)
उप आवास आयुक्त

पृ0 सं0:- 1477 /उक्त दिनांक:-

प्रतिलिपि:- सहायक आवास आयुक्त, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, गाजियाबाद को उपरोक्त सन्दर्भ में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

2. विशेष कार्याधिकारी, समन्वय कोष्ठ, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, मुख्यालय को उपरोक्त सन्दर्भ में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

उप आवास आयुक्त

I

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

विकासपथ, गाजियाबाद

I.S.O.-9001-2000 एवं I.S.O.-14001-2004 प्रमाणित संस्था

पत्रांक 2372 /व्यव0अनु0/2021 दिनांक 27/12/21

सेवा में,

मैसर्स ईशान इन्फ्रास्टेट्स इण्डिया प्रा0लि0,
द्वारा श्री चंदन श्रीवास्तव
पता–ईशान कार्पोरेट टॉवर, सी–23,
सैक्टर–13, वसुन्धरा,
गाजियाबाद–201012

विषय :–गुप हाउसिंग भूखण्ड संख्या–जी.एच.–01/1, सैक्टर–11 प्रताप विहार गाजियाबाद (क्षेत्रफल 6217.80 वर्ग मीटर) के आवंटन/भुगतान विवरण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक 10.12.2021 को गुप हाउसिंग भूखण्ड संख्या–जी.एच.–1/01, सैक्टर–11 प्रताप विहार गाजियाबाद की खुली टेक्निकल बिड तथा दिनांक 17.12.2021 को प्राईस बिड में आवेदन संख्या–013 से आपकी उच्चतम बोली रू0 39,100.00 प्रतिवर्ग मीटर उपाध्यक्ष महोदय के आदेश दिनांक 17.12.2021 के द्वारा स्वीकार कर ली गयी है। उक्त दरों में 12 प्रतिशत लीजरेन्ट चार्ज व फ्री–होल्ड चार्ज जोडने पर भूखण्ड का कुल मूल्य रू0 27,22,89,898.00 होता है। ब्रोशर की शर्तो के अनुसार कुल बिड मूल्य रू0 27,22,89,898.00 की 25 प्रतिशत धनराशि रू0 6,80,72,475.00 के सापेक्ष जमा धरोहर राशि रू0 2,35,50,000.00 को समायोजित करते हुये इसकी शेष राशि रू0 4,45,22,475.00 पत्र की तिथि से 30 दिन के भीतर जमा कराना सुनिशिचत करें। अवशेष 75 प्रतिशत धनराशि रू0 20,42,17,423.00 पर 11 प्रतिशत ब्याज सहित 14 किश्तों का भुगतान विवरण निम्न प्रकार है।

क0सं0	धनराशि	ब्याज 11 प्रतिशत	कुल देय धरनाशि	देय तिथि
1	1,45,86,969.00	1,12,31,966.00	2,58,18,935.00	17.06.2022
2	1,45,86,958.00	1,04,29,675.00	2,50,16,633.00	17.12.2022
3	1,45,86,958.00	96,27,392.00	2,42,14,350.00	17.06.2023
4	1,45,86,958.00	88,25,110.00	2,34,12,068.00	17.12.2023
5	1,45,86,958.00	80,22,827.00	2,26,09,785.00	17.06.2024
6	1,45,86,958.00	72,20,544.00	2,18,07,502.00	17.12.2024
7	1,45,86,958.00	64,18,262.00	2,10,05,220.00	17.06.2025
8	1,45,86,958.00	56,15,979.00	2,02,02,937.00	17.12.2025
9	1,45,86,958.00	48,13,696.00	1,94,00,654.00	17.06.2026
10	1,45,86,958.00	40,11,413.00	1,85,98,371.00	17.12.2026
11	1,45,86,958.00	32,09,131.00	1,77,96,089.00	17.06.2027
12	1,45,86,958.00	24,06,848.00	1,69,93,806.00	17.12.2027
13	1,45,86,958.00	16,04,565.00	1,61,91,523.00	17.06.2028
14	1,45,86,958.00	8,02,283.00	1,53,89,241.00	17.12.2028

उपरोक्त तालिकानुसार किश्तों का भुगतान हेतु निर्धारित देय तिथि से 29 दिन का अनुग्रह अवधि प्रदान की जायेगी। देय धनराशि का भुगतान समय से न करने की दशा में निर्धारित तिथि से 15 प्रतिशत वार्षिक ब्याज अतिरिक्त देय होगा। भूखण्ड का कब्जा रजिस्ट्री/अनुबन्ध विलेख निष्पादित कराने के उपरान्त ही प्रदान किया जायेगा। आयकर विभाग के नोटिफिकेशन के अनुसार 50 लाख से अधिक की सम्पत्ति के मूल्य का एक प्रतिशत टी डी एस कटौती कर प्राधिकरण के स्थायी खाता संख्या (PAN)AAALG0072C में जमा कर प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। यदि कार्नर का भूखण्ड होगा तो नियमानुसार 10 प्रतिशत कार्नर चार्ज देय होगा। शेष नियम व शर्ते ब्रोशर के अनुसार होगी।

भवदीय

प्रभारी व्यवसायिक अनुभाग




Yogi Adityanath
Chief Minister
Uttar Pradesh

ECOTECH
GREATER NOIDA

Lifetime Opportunity for builders in Greater Noida



Nand Gopal Gupta "Nandi"
Minister of Industrial Development
Uttar Pradesh



Builder PLOTS through e-Auction
On-Line bidding Scheme Code: BRS-01/2022

SALIENT FEATURES

Proximity to Noida International Airport | Easy access to Eastern & Western Dedicated Freight Corridors | Best planned city in NCR | Expressways providing excellent Multi-city Connectivity | Residential Sectors, Commercial Sectors, Educational Institutions in the Vicinity | World-class civic amenities

GNIDA announces e-Auction for the allotment of Builders Plots, as per terms and conditions prescribed in the on-line brochure.

How to participate/other details: Interested parties will need to sign up and obtain user ID and password on the portal **https://etender.sbi** as well as deposit documents. Processing Fee (Participation Fee) & EMD separately through online payments as per date mentioned in the online brochure.

The brochure containing details of plots procedure, terms and conditions of e-Auction is available on our website **www.greaternoidaauthority.in** and the web portal **https://etender.sbi**

It will be the sole responsibility of the bidder/participant to obtain a compatible computer terminal with Internet connection to enable him/her to participate in the e-bidding process for any reasons thereof.

Authority reserves the right to accept or reject one or all the bids or cancel/ postpone the e-auction without assigning any reason.

Builder Plots

S. No.	Plot No.	Sector	Area of Plot (in Sqm.)	Reserve Price (in Rs.)
1	GH-01	Omicron 1A	20,350.00	81,40,00,000/-
2	GH-12B	Zeta 1	23,600.00	94,40,00,000/-
3	GH-01A	Eta 2	28,265.00	1,13,06,00,000/-
4	207	Sigma 3	39,321.00	1,57,28,40,000/-
5	151	Sigma 3	30,000.00	1,20,00,00,000/-
6	B-255	Sector 36	14,030.00	58,92,60,000/-
7	GH-01A	Omicron 1A	10,120.75	40,48,30,000/-
8	GH-02E	Mu	18,215.00	73,80,00,000/-
9	GH-02C	Sector 12	14,998.00	49,08,75,000/-
10	GH-03A	Sector 10	22,000.00	77,00,00,000/-
11	GH-04A	Sector 10	20,240.00	70,84,00,000/-

Plots clear from all encumbrances | Lease plans are ready | Possession within 30 days | Allotment will be made on "as in where is basis"

Brochure Download & Registration Starts 06.12.2022 | 3 PM

Registration Ends 25.12.2022 | 5 PM

Last Date of Registration, EMD, Processing Fee Deposit 25.12.2022 | 5 PM

Last Date of Final Submission of Documents 27.12.2022 | 5 PM

E-Auction Date & Time To be notified separately

For corrigendum/addendum, please refer to website www.greaternoidaauthority.in

Greater Noida Industrial Development Authority
Plot No. 01, Knowledge Park-04, Greater Noida-201308, Distt.-Gautam Budh Nagar (U.P.)
Helpline Center No. : 0120 2336046, 2336047, 2336048, 2336049
Ph.: 0120-2336030-33 | E-mail: authority@gnida.in | Website: www.greaternoidaauthority.in

Follow us on Official/GNIDA

40,000/2
37,000/2

APEX®

APEX HEIGHTS PVT. LTD.

Email: Info@apexindia.in | **Web**: www.theapexgroup.in

दिनांक:-18/12/2022

सेवा में,

उपाध्यक्ष
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
गाजियाबाद

<u>विषय:-गाजियाबाद में स्थित सिद्धार्थ विहार योजना से सटे हुए क्षेत्र में भूखंड से लगभग 5000 वर्ग मीटर के भूखंड के आवंटन के संदर्भ में।</u>

आदरणीय महोदय,

नम्र निवेदन यह है कि प्रार्थी एक प्रतिष्ठित बिल्डर के तौर पर जिला गाजियाबाद के कार्य कर रहा है तथा प्राधिकरण पूर्व में भूखंड ले कर बहुमंजिला ग्रुप हाउसिंग का निर्माण कर सम्पूर्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर चुका है।

अब प्रार्थी द्वारा सिद्धार्थ विहार योजना में आवास विकास परिषद की भूमि पर ग्रुप हाउसिंग का निर्माण किया गया है। जिसमें प्रार्थी को लगभग 236 EWS/LIG भवनों का निर्माण आपेक्षित है। जिसके लिए बिल्डिंग बायलॉज के अध्याय 24 के अवलोकन उपरांत संज्ञान हुआ कि लगभग 5000 वर्ग मीटर भूखंड की आवश्यकता है।

अधिकतर प्राधिकरण में कुछ माह पूर्व ही रु० 40000/- प्रति वर्ग के दर से नीलामी प्रकाशित की थी प्रार्थी भी इसी प्रकार का भूखंड लेने का इच्छुक है।

आपसे निवेदन है कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के पास सिद्धार्थ विहार अथवा विजय नगर में सिद्धार्थ विहार से सटे हुए कुछ भूखंड शेष है, में से लगभग 5000 वर्ग मीटर का भूखंड प्रार्थी को नियमानुसार आवंटित करने का कष्ट करें इससे प्राधिकरण को मृत भूखंडों को विक्रय कर राजस्व की प्राप्ति तो होगी तथा गरीब लोगों को आवास भी प्राप्त होगा।

प्रार्थी नियमानुसार मानचित्र स्वीकृत तथा निर्माण करने के लिए तत्पर रहेगा।

धन्यवाद

भवदीय

संलग्न
बिल्डिंग बायलॉज अध्याय 24 की छायाप्रति

कृते अपैक्स हाइट्स प्राइवेट लिमिटेड

APEX HEIGHTS PVT. LTD. GHAZIABAD

अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता

Satnam Singh Sachdeva
DIN No. : 02475062

जन सम्पर्क कार्यालय
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
पत्र प्राप्त का दिनांक
20/12/22

CIN : U90009DL2017PTC325629

Annexure-4G

Clean Earth Green Earth

MEMBER

TO WHOM IT MAY CONCERN

To,

Apex Kremlin,

BS-4/2(GH-03) Siddharth Vihar, Ghaziabad (UP).

Dear Sir/Mam,

This is inform you that we JJ Waste Solution Pvt Ltd is authorized vendor from Nagar Nigam to collect waste at Apex the Kremlin, BS-4/2(GH-03) Siddharth Vihar, Ghaziabad(UP) and since 1st June 2021 we are continuously collecting the balance garbage left from converted machine from Apex Kremlim.

This is for your information.

Thanking you

For JJ Waste Solution Pvt. Ltd.

Authorized Signatory

Annexure-5A

IS 15700:2005

सर्वोत्तम प्रमाणित

उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद

वास्तुकला एवं नियोजन इकाई–पंचम
नीलगिरी काम्पलेक्स,इन्दिरा नगर,
लखनऊ–226016

भारतीय मानक ब्यूरो IS 15700 SQMS

पत्र सं0– 754 /नि0प्रा0 –40/2016–17/वा0नि0–5 दिनांक 24 –03–2017

उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद अधिनियम 1965 के अन्तर्गत

स्वीकृति–पत्र

सेवा में,

मैसर्स गौड़ सन्स इण्डिया लि0,
प्लाट न0–01,गौड़ बिज पार्क, अभय खण्ड–2,
इन्दिरापुरम, गाजियाबाद।

विषयः **भूखण्ड सख्या–08/बी0एस0–01, सिद्धार्थ विहार योजना, गाजियाबाद में उच्च स्तरीय समिति द्वारा अनुमोदित निर्माण मानचित्र स्वीकृति के सम्बंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक आप द्वारा उक्त भूखंड संख्या–08/बी0एस0–01,सिद्धार्थ विहार योजना गाजियाबाद में पुनरीक्षित प्रस्ताव सहित मानचित्र स्वीकृति हेतु आवेदन किया गया है। अवगत कराना है कि परिषद की 228वीं बैठक दिनांक 18,जून 2014 के मद संख्या–28 पर लिये गये निर्णय के अनुपालन में मैसर्स गौड़ सन्स लि0 की पक्षी विहार की 12.047 एकड़ भूमि के बदले परिषद की सिद्धार्थ विहार योजना गाजियाबाद में 12.047 एकड़ निर्विवाद भूमि दिये जाने के सम्बंध में निम्न निर्णय किया गया है :–

"सम्यक विचारोपरान्त प्रस्तावित अनुमोदित करते हुए निर्देशित किया गया कि नियमानुसार भू–उपयोग परिवर्तन शुल्क एवं अन्य देय शुल्कों की वसूली सुनिश्चित करते हुए नियमानुसार अग्रेतर कार्यवाही की जाये।"

उक्त के अनुपालन में प्रकरण में निम्नवत कार्यवाही की गयी है :–

1. आवास आयुक्त (म0) के निर्देशानुसार अपर आवास आयुक्त एवं सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति की संस्तुति के क्रम में आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–3 की अधिसूचना सं0–2281/आठ–3–14–194 विविध/2014 दिनांक 11–12–2014 के द्वारा उ0प्र0 नगर योजना और विकास (भू–प्रयोग परिवर्तन शुल्क का निर्धारण, उद्ग्रहण संग्रहण) नियमावली 2014, जो परिषद द्वारा अंगीकृत है, के अनुसार भू–उपयोग परिवर्तन शुल्क की गणना करते हुए रू0–32,45,36,105/–सम्पत्ति प्रबंध गाजियाबाद द्वारा संचालित परिषद खाते में किया गया है जमा धनराशि की पुष्टि उप आवास आयुक्त–गाजियाबाद द्वारा अपने पत्रांक 9456/स0प्र0गा0 दिनांक 30–10–2015 द्वारा की गयी है।
2. परिषद निर्णय के अनुपालन में प्रश्नगत भूमि के मद में नियमानुसार आसुधार शुल्क व अन्य देय शुल्क के निर्धारण एवं वसूली के सम्बंध में परिषद के भूमि अर्जन व सम्पत्ति प्रबंध कार्यालय गाजियाबाद को इस कार्यालय के पत्रांक 2147/ वा0नि0–5/भू0प्र0प0/दिनांक 21–8–2016 के द्वारा आवश्यक कार्यवाही हेतु पत्र प्रेषित किया जा चुका है जिसके अनुक्रम में सम्बंधित कार्यालयों द्वारा तद्नुसार पृथक से कार्यवाही की जा रही है।
3. आवास आयुक्त महोदय द्वारा मा0 उच्च न्यायालय के निर्णय के क्रम में रिट याचिका संख्या–25091/08 के निर्णय के क्रम में परिषद निर्णय 228/28 के अनुसार भूमि को सिद्धार्थ विहार योजना में एक्सचेन्ज डीड के माध्यम से समायोजन हेतु ले आउट दिनांक 23–7–2014 को अनुमोदित किया गया है।

